



## एक नजर में

### जन-जागरुकता हेतु मीडिया वर्कशाप आज

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** स्मार्ट मीटर से होने वाले क्या-क्या लाभ होंगे इससे अवगत कराने तथा उपभोक्ता हित की योजनाओं जैसे समाधान योजना, 5 रूपये में नवीन कनेक्शन, सोलर रूफटॉप तथा बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं बचाव के लिए जन जागरूकता हेतु महाप्रबंधक विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा आज मीडिया वर्कशाप का आयोजन राजगढ़ में रखा गया है. आज दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में वर्कशाप आयोजित किया जाएगा. जिसमें सभी पत्रकार बंधुओं को आमंत्रित किया गया है.

### तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी दिवस मनाया

**पचोर 26 नवंबर, सं.** सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुतेगबहादुर जी का 350 वां प्रकाश वर्ष शहीदी दिवस मनाया गया .सिक्ख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी की 350 वीं शहीदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी रविंद्र सिंह छाबड़ा ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष मोहनलाल नागर ने की. इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अरविन्द दुबे, समस्त आचार्य परिवार एवं भैया/बहिन उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राधा नागर ने किया. विद्यालय प्राचार्य अरविंद दुबे ने आभार व्यक्त किया.

### जिपं सीईओ ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

**राजगढ़ 26 नवंबर, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा बुधवार को सर्व शिक्षा अभियान का औचक निरीक्षण किया गया है. निरीक्षण के दौरान 13 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये. उक्त सभी कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए गए. साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजग? का भी औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान 12 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये. सभी कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए. इसी प्रकार कार्यालय जनपद पंचायत राजगढ़ में औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये. जिनमें 3 कर्मचारियों का आधा दिन का वेतन काटे जाने व 05 कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का भी औचक निरीक्षण किया गया है. निरीक्षण के दौरान 05 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित सभी कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए.

### किसानों के खातों में 23 करोड़ हस्तांतरित

**राजगढ़ 26 नवंबर, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बुधवार को इंदौर से भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन किसानों को भुगतान राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का अंतरण किया गया. इस अवसर पर प्रदेश के 1.34 लाख किसानों के खातों में कुल 249 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई. साथ ही राजगढ़ जिले के 21,217 किसानों को भावांतर योजना का लाभ प्रदान किया गया है. जिन्हें लगभग 23 करोड़ रूपये की राशि उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले की सभी मंडियों में किया गया. भावांतर योजना किसानों को उनकी उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य के अंतर की राशि सीधे प्रदान कर रही है.

# 5 सीएमओ को कारण बताओ नोटिस

## प्रदेश सफाई आयोग के अध्यक्ष ने की समीक्षा, जिले में नालों को लेकर योजना मांगी

**जिला अस्पताल में सफाई कर्मियों से संबंधित शिकायतों को भी संज्ञान लिया गया**

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का. अध्यक्ष म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग प्रताप करोसिया (केबिनेट मंत्री दर्जा) ने जिले की सफाई व्यवस्था, श्रमिकों के हितों और स्वच्छता प्रबंधन को लेकर विस्तृत समीक्षा की. बैठक में सभी सफाई कर्मियों की ईपीएफ कटौती, स्वीकृत एवं संविदा पदों की संख्या, तथा दैनिक वेतन भोगियों के कार्य व अवकाश की स्थिति की गहन समीक्षा की गई.**

स्वास्थ्य विभाग व जिला अस्पताल में सफाई कर्मियों से संबंधित शिकायतों को भी संज्ञान लिया गया. साथ ही जिले में संचालित स्वच्छता परिसरों की संख्या, उनकी स्थिति और आवश्यक सुधारों पर चर्चा की गई. कई ठेकेदार कलेक्टर रेट पर मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहे हैं, इसे तुरंत ठीक किया जाए. अनुबंध की सभी शर्तों को ठेकेदार को स्पष्ट रूप से बताएं. शर्तें पूरी न होने पर कठोर कार्रवाई होगी. सीएमओ को इस संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए. जिनमें बोडा, तलेन, सारंगपुर, खिलचीपुर, जीरापुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए.

**हाथों से मैला नहीं ढोने देंगे, नालों की जानकारी ली** अध्यक्ष म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग श्री करोसिया ने कहा कि सर पर मैला ढोना अपराध है और प्रभावित व्यक्तियों का पुनर्वास सरकार की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों को सफाई कर्मचारियों के हित में बेहतर योजनाएँ लागू करने के निर्देश दिए. साथ ही नगरीय निकाय अपनी अच्छी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करें. सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर बढ़ाएँ. परिवारों की आर्थिक मजबूती और समाज में सकारात्मक सोच बढ़ाने के निर्देश. नालों की सफाई की समीक्षा करते हुए नालों की सफाई में कितने उपकरण लगते हैं, इसकी जानकारी स्वच्छता निरीक्षक से ली गई.

अध्यक्ष म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग श्री करोसिया ने कहा कि सफाई कार्य पारदर्शी और समयबद्ध हो. मैन्युअली मैला उठाने पर पूर्ण प्रतिबंध. उन्होंने कहा कि 20 हजार वर्गफीट में महर्षि वाल्मीकि सामुदायिक भवन बनाने के निर्देश बैठक में दिए गए. यह भवन सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में उपयोग होगा. सफाई कर्मियों के सुझाव बैठक में मौजूद सफाई कर्मियों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए और उन्हें कार्ययोजना में शामिल करने का भरोसा दिया.



### युवाओं को जोड़कर कचरा प्लांट बनाने की बात कही

श्री करोसिया ने निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में सफाई कामगार जो काफी समय से मकान बना कर रह रहे हैं. उन्हें स्वामित्व का प्रमाण दिया जाए. यह प्रमाण नगरीय प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए. छात्रावासों एवं शासकीय उपक्रमों में सफाई कर्मचारी को सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम समान होना चाहिए. अनुग्रह सहायता राशि की व्यवस्थित गणना कर प्रभावित परिवार को दी जाए. साथ ही संविदा कर्मियों की सुरक्षा अवकाश एवं अवकाश नगदीकरण उचित रूप में हो. साथ ही बैठक में कचरा प्लांट बनाना, बायो संयंत्र निर्माण, सफाई में आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल एवं वाल्मिकी समाज के युवाओं के रोजगार के लिए नवाचार पर प्रभावी चर्चा की गई.

# सुअरों के आतंक से परेशान

## रहवासी क्षेत्रों में विचरण करने से बड़ी मुसीबत

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 26 नवम्बर, सं.** नगर में सुअरों की बढ़ती संख्या और उनके खुले तौर पर रहवासी क्षेत्रों में घूमने से रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है. झुंड के झुंड यहां से वहां भागने के कारण आये दिन वाहन चालक इनकी चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.

गौरतलब है कि बस स्टैंड, झालावाड़ नाका और मुख्य बाजार सहित कई इलाकों में सुअरों के झुंड सड़कों पर खुलेआम घूमते हुए देखे जा सकते है. इससे न सिर्फ गंदगी फैल रही है, बल्कि वाहन चालकों के गिरने से दुर्घनाओं का खतरा बना रहता है.

नोटिस देने की कार्यवाई करेंगे

इसको लेकर की गई शिकायतों के बाद नगर परिषद सीएमओं का कहना है कि इनके मालिकों को नोटिस देने की कार्यवाई की जाएगी.

**कचरा फैला रहे, महामारी का डर बना** सड़कों पर पड़े कचरे को सुअर बिखेर देते हैं, जिससे दुर्गंध फैलती है, महामारी का डर भी बना हुआ है. इनके कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप्प पड़ी हुई है. विशेषकर सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों, अपने कार्य से जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. यही नहीं सुअर हाथों से सामान तक छीनने लगते है.

**रहवासियों का आरोप नहीं दिया जा रहा ध्यान** स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है. कई बार शिकायतें करने के बावजूद न तो सुअरों को पकड़ा गया और न ही कचरा प्रबंधन व्यवस्था में सुधार किया गया. नागरिकों ने मांग की है कि नगर परिषद तत्काल कार्रवाई करें.

इस संबंध में सारंगपुर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया कि हाल ही में उन्होंने खिलचीपुर नगर परिषद का चार्ज संभाला है. सफाई व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा भी की है और वे लगातार निरीक्षण कर रही है. नगर परिषद की ओर से नोटिस जारी करेंगे. यदि सुअरों को रखना चाहते हैं, तो उन्हें अपने स्थायी बाड़ो में ही रखें, अन्यथा कर्रवाई की जाएगी. यदि इसके बाद भी नहीं मानते है तो प्राइवेट संस्था की मदद से सुअरों को पकड़वाकर नगर से बाहर करवाया जाएगा.

# इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी की

## ग्राम पंचायत पटाडियाधाकड़ में हुआ आयोजन




**नवभारत न्यूज**

**पचोर 26 नवंबर, सं. ग्राम पटाडियाधाकड़ में बुधवार को इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी का आयोजन किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए और आधुनिक खेती तकनीकी का उपयोग की जानकारी कैसे की जाए बताया.**

विशेषज्ञों ने किसानों को जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि किसानों को संतुलित उर्वरक का प्रयोग खेतों में करना चाहिए विषय के साथ-साथ मिट्टी परीक्षण कराकर मिट्टी में उपयोगी पोषक तत्व जानकारी प्राप्त कर किसान मिट्टी में आवश्यक शुक्ला पोषक तत्वों को महत्व को समझ कर फसल के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं. विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने को लेकर बताया.

अधिकारियों ने बताया कि पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करना है. जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो. किसानों के सवाल-जवाब सत्र में प्रमुख फसलों में उर्वरक प्रबंधन और रोग नियंत्रण उपायों पर भी चर्चा हुई. कार्यक्रम में शामिल सरपंच सुगनबाई राजपूत, जगदीश सिंह राजपूत, कंवरलाल कारपेंटर सहित किसानों ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियां गांव में ही वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराकर खेती को आसान और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

इस अवसर पर संगोष्ठी में सुरजीत सिंह सोलंकी, उप महाप्रबंधक आईपीएल मध्यप्रदेश मयूख बर्मन आईपीएल भोपाल अनिरुद्ध नामदेव क्षेत्रीय अधिकारी राजगढ़ एवं श्रीचंद पटेल एग्रोनॉमिस्ट शामिल हुए.

### संविधान की उद्देशिका का किया वाचन

**राजगढ़ 26 नवंबर, का.** संविधान दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान ने कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी-कर्मचारियों उपस्थित में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया. इस अवसर पर संविधान की विशालता, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला गया. आज हमारा जीवन सुखी, संपन्न एवं समृद्धि शैली है सभी को समानता का अधिकार प्राप्त है. गरीब और अमीर सभी को समान अधिकारों का लाभ प्राप्त हो रहा है. इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज सहित सभी जिला अधिकारीगण-कर्मचारी मौजूद रहे.

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस

## विद्यार्थियो को दिलाई शपथ



**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 26 नवंबर, सं.** शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर में 26 नवंबर बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर फूल हार माला चढ़ाने और दीप जलाने से हुई, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार दांगी संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला. सभी को संविधान के आदर्शों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया. उक्त कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार दांगी ने अपने उदभोधन मे कहा कि संविधान सभा के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पास से 14 शेषणिक डिग्रीया प्राप्त है. दुनिया भर के देशों में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर साहब का सम्मान है. ऐसे लिखित संविधान को हमें अध्ययन मनन करना चाहिए. हमारा संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है. इसको बनाने में डॉक्टर अंबेडकर साहब ने अथक मेहनत की है, हमें उनके सपनों के भारत निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए.

महाविद्यालय के ग्रंथपाल रमाकांत अठ्या ने संविधान के व्यावहारिक पहलू, दैनिक जीवन में आने वाले क्रियाकलापों अपने अधिकार अपने कर्तव्यों को सुचारू रूप से पालन कर देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाने के लिए छात्रों से आह्वान किया. कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर रिपुदमन तिवारी ने छात्रों को नियमित महाविद्यालय आने एवं संविधान की पुस्तक पढ़ने, उसमें लिखित तथ्यों को आत्मसात करने तथा बालिका शिक्षा पर जोर देने का प्रयास किया. अन्य उपस्थित प्राध्यापकों में डी के सूर्यवंशी, एजाज खान गौरी, हितेश गुरगेला, हरिओम गुरगेला डॉक्टर रामबाबू दांगी एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा. वही आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने भी उत्साहित होकर भाग लिया व संविधान में लिखित तथ्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया.

# वीरांगना एक परिचय कार्यक्रम आयोजित




**जीरापुर 26 नवंबर, सं.** अभाविप नगर इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की जयंती एवं स्त्री शक्ति दिवस के उपलक्ष्य में वीरांगना एक परिचय विषय पर विजया कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के बीच रानी लक्ष्मी बाई के जीवन परिचय पर प्रबोधन का कार्यक्रम आयोजित किया.

मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर ने छात्राओं को मार्गदर्शित करते हुए बताया की बेटियों को आज के इस युग में आगे आकर अपना साहस और शौर्य दिखाने की आवश्यकता है. मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग संगठन मंत्री रोहित सोनी, नरेंद्र सोंधिया ने बताया की विद्यार्थी परिषद पूरे राष्ट्र में कहीं ऐसे कार्यक्रम करती है जिससे छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन मिले एवं छात्राएं देश का नेतृत्व करने के लिए आगे आए. आभार राजेश मंडलोई ने व्यक्त किया. संचालन दीपक दांगी ने किया. कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन दांगी, रामेश्वर पवांर, पूजा पवांर, रजनी परिहार, संदीप सोंधिया, स्कूल स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थिति रही.

# संविधान दिवस पर हुआ आयोजन

## महाविद्यालय, न्यायालय में संविधान पर बोले वक्ता

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तत्वाधान में भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया. जिसमें संस्था प्रमुख डॉ. वी.बी. खरे द्वारा विद्यार्थियों को संविधान दिवस की बधाइयां दी गई. मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा संविधान के अर्थ एवं उसकी परिभाषा को बताया. साथ ही भारतीय संविधान की आत्मा कहलाने वाली प्रस्तावना का वाचन समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर डॉ. सोहन कुमार शर्मा द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रा देवली कक्षा बी ए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान एवं पूजा वर्मा बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. स्लोगन प्रतियोगिता में छात्र देवली ने प्रथम स्थान एवं छात्रा लव कुश कक्षा बी ए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता साहू व आभार डॉ. रानू खरेलिया ने व्यक्त किया.

### महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**ब्यावरा 26 नवंबर, का.** स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में भारतीय संविधान स्थापना दिवस मनाया गया. महात्मा गांधी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं पर और मां सरस्वती एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया. कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आरके गुप्ता द्वारा भारतीय संविधान विषय पर अपने उद्बोधन दिये. नरसिंहगढ़ महाविद्यालय से आये डॉ प्रशांत मीना, एनसीसी अधिकारी प्रो हेमंत कुमार शर्मा, एनएसएस अधिकारी डॉ के एन मीना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ दिलीप कुमार गुप्ता एवं राजनीति विज्ञान के डॉ बिरम सिंह वर्मा आदि ने भारतीय संविधान पर केंद्रित और हमारा संविधान हमारा सम्मान विषय पर अपने विचार रखें. इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में महाविद्यालयीन परिवार के साथ-साथ एनएसएस एनसीसी और अन्य विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें.

### जिला तहसील न्यायालयों में संविधान दिवस का आयोजन

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का.** संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश राजीव आपटे के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रांगण में समस्त न्यायाधीशगण, कर्मचारीगणों एवं अधिवक्तागणों द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया. उद्देशिका का वाचन प्रधान जिला न्यायाधीश आपटे द्वारा कराया गया. इस अवसर पर संविधान की विशालता, नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में बताया. इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्रीमती निवेदिता मुद्गल, जिला न्यायाधीश लखनलाल गोस्वामी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नीलिमा देवदत्त, व्यवहार न्यायाधीश सुश्री अर्चना मर्सकोले, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट सुश्री स्निग्धा पाठक, सुरेश कुमार शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, पूर्णांक चौबे सहित सचिव श्री देवदत्त उपस्थित रहे. तहसील न्यायालयों ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में भी वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों द्वारा तहसील न्यायालयों में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व पैरालीगल वालंटियरों की उपस्थिति में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया. जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर संविधान के मूल उद्देश्यों से अवगत कराया गया.

# संविधान दिवस पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 26 नवंबर, सं.** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे की उपस्थिति में 26 नवम्बर, 2025 को निकाय कमर्चारी एवं परिषद पदाधिकारियों के बीच संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा संविधान दिवस की शपथ दिलाई.

उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों, कर्तव्यों और उन आदर्शों की याद दिलाता है जिन पर हमारा लोकतंत्र खड़ा है. डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित संविधान निर्माताओं को कृतज्ञतापूर्वक नमन, जिनकी दूरदर्शिता ने भारत को एक सुदृढ़, समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र का स्वरूप दिया. इस अवसर पर उपस्थित सभी के द्वारा संकल्प लिया कि हम संविधान की भावना, उसकी मर्यादा और मूल्यों को अपने आचरण में उतारते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे.




संविधान दिवस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गोपाल पाल, राकेश पुष्पद एवं पार्षद प्रतिनिधि बाबुलाल अहिरवार, सुनील बागवान एवं निकाय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति थे.

**डेंगू ▶ बुधवार को जीरापुर तहसील में आया डेंगू पॉजिटिव का मामला**

# ठंड में भी डेंगू की दस्तक ने बढ़ाई चिंता

**नवम्बर माह में भी सामने आ रहे है डेंगू पॉजिटिव के मामले**

**17, 18 एवं 26 नवम्बर को भी आये पॉजिटिव**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 26 नवम्बर, का. प्राय: ठंड के मौसम में डेंगू पॉजिटिव के मामले नहीं के बराबर रहते है किंतु इस बार ठंड की दस्तक के बावजूद डेंगू पॉजिटिव के मामले थमने का नाम नहीं ले रह है. बुधवार को जीरापुर तहसील में एक डेंगू पॉजिटिव का मामला सामने आया.**




गौरतलब है कि ठंड के मौसम में स्वत: ही डेंगू का प्रकोप थमने लगता है, लेकिन पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि नवम्बर माह में भी डेंगू पॉजिटिव के मामले आ रहे है. नवम्बर माह के शुरुआत से ही डेंगू पॉजिटिव के मामले आ रहे है.

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एक ताजा मामला जीरापुर तहसील के जैतपुरा से सामने आया है, महामारी नियंत्रक जिलाधिकारी डा. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार यहां एक 15 वर्षीय बालक की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी है. इसके पूर्व 18 नवम्बर को राजगढ़ स्थित गंज निवासी 26 वर्षीय महिला की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी थी. 12 नवम्बर को भी राजगढ़ के पुरा में एक मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी थी. जबकि 13 नवम्बर को राजगढ़ ब्लॉक के मनोहरपुरा निवासी एक मरीज की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी थी. 17 नवम्बर को भी एक मरीज की जांच रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आयी थी.

### डेंगू के लक्षण

डेंगू मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है. इसके लक्षण में तेज बुखार आने के साथ ही आंखों के यहां तथा हड्डियों में दर्द होता है. सात-आठ दिन तक यह होता है. शरीर में लाल धब्बे होकर खुजली होती है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस तरह के लक्षण होने पर मरीज को पूरी सावधानी बरतते हुए चिकित्सक को बताकर तुरंत उपचार शुरु करने की सलाह दी गई है.

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत् निगरानी रखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में टीम पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जाकर आवश्यक सलाह दी जा रही है.